**Brain International School**
Vikas Puri, New Delhi

## अर्धवार्षिक पुनरावृति

**विषय : हिंदी** **कक्षा - आठवीं** **अगस्त,2025**

### अपठित बोध

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

सच्ची मित्रता मनुष्य के जीवन का सबसे सुंदर और अमूल्य संबंध है। यह वह बंधन है जो किसी स्वार्थ या लालच पर नहीं बल्कि प्रेम, विश्वास और नि:स्वार्थ सहयोग पर टिका होता है। मित्र वह होता है जो हमारे सुख-दु:ख में बराबर खड़ा रहता है, हमें सही राह दिखाता है और हमारी गलतियों पर भी हमें ईमानदारी से सचेत करता है। जब हम किसी कठिन परिस्थिति में फँस जाते हैं तो सच्चा मित्र हमारी मदद के लिए सबसे पहले आगे आता है, चाहे उसे इसके लिए अपने समय, धन या सुविधा का त्याग ही क्यों न करना पड़े। इतिहास में मित्रता के कई उदाहरण हैं जहाँ मित्रों ने एक-दूसरे के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। चंद्रगुप्त और चाणक्य, कृष्ण और सुदामा, दामोदर और तात्या टोपे जैसे संबंध इस बात का प्रमाण हैं कि सच्ची मित्रता समय, परिस्थिति और दूरी की सीमाओं को पार कर जाती है। एक सच्चा मित्र कभी हमें गलत रास्ते पर नहीं ले जाता बल्कि हमें हमारी प्रगति और भलाई के मार्ग पर अग्रसर करता है। मित्रता में विश्वास का महत्त्व सबसे अधिक है। विश्वास के बिना यह संबंध टिक नहीं सकता। सच्चा मित्र हमें हमारी कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रेरित करता है और हमारे गुणों को और निखारने में मदद करता है इसलिए हमें मित्र का चुनाव सोच-समझकर करना चाहिए और एक बार मित्रता होने के बाद उसे निभाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

क) गद्यांश के अनुसार सच्चा मित्र किसे कहा जा सकता है?

i. जो केवल हँसी-मज़ाक करे।  ii. जो कठिनाई और सुख-दु:ख में साथ दे।

iii. जो केवल उपहार दे।  iv. जो केवल छुट्टियों में मिले।

ख) सच्ची मित्रता में क्या नहीं होना चाहिए?

i. स्वार्थ  ii. विश्वास  iii. सहयोग  iv. भलाई

ग) गद्यांश के अनुसार इतिहास में मित्रों ने एक-दूसरे के लिए क्या असाधारण कार्य किए हैं?

i. एक-दूसरे की परीक्षा ली।  ii. एक-दूसरे के लिए प्राणों का बलिदान दिया।

iii. खेलों में साथ जीते।  iv. एक साथ विदेश भ्रमण किया।

घ) सच्चा मित्र हमें गलत रास्ते पर क्यों नहीं ले जाता?

ङ) मित्रता में विश्वास का क्या महत्त्व है?

## व्याकरण

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

क) दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए।

मीठा, सीखना, साहसी, सुंदर

ख) दिए गए वाक्यों में कर्म के आधार पर क्रिया के भेद बताइए।

i) पायल गीत गा रही है।

ii) मैंने आम खाया।

iii) सूरज चमकता है।

iv) पक्षी उड़ते हैं।

ग) दिए गए वाक्यों में रेखांकित विशेषणों के द्वारा विशेषण भेद लिखिए।

i) यह पीला आम मीठा है।

ii) पाँच विद्यार्थी मंच पर खड़े हैं।

iii) यह खट्टा नींबू ताज़ा है।

iv) हर नागरिक को मतदान करना चाहिए।

घ) नीचे दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए व भेद बताइए।

i) मैं किताब पढ़ रहा हूँ।

ii) यह मेरा बैग है।

iii) स्वयं मेहनत करो।

iv) वे खेत में काम कर रहे हैं।

ङ) रेखांकित शब्दों के आधार पर कारक का भेद बताइए।

i) मीरा ने भजन गाया।

ii) मैं भाई के लिए मिठाई लाया।

iii) अध्यापक ने विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया।

iv) पेड़ से फूल गिर रहे हैं।

च) दिए गए शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग - अलग कीजिए।

i) अन्याय

ii) अधिकार

iii) उपकार

छ) दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों का लिंग परिवर्तन करके वाक्य पुनः लिखिए।

i) वह सेविका चाय लेकर आई।

ii) अध्यापिका बच्चों को पढ़ा रही हैं।

iii) राजा महल में बैठे हैं।

ज) दिए गए शब्दों का बहुवचन रूप लिखिए।
बालक, महिला, कमल

झ) नीचे दिए गए शब्दों में संधि विच्छेद कीजिए।
i) महात्मा
ii) महेंद्र
iii) राजेश्वर

ञ) दिए गए शब्दों में से प्रत्यय और मूल शब्द अलग - अलग कीजिए।
i) सामाजिक
ii) बुढ़ापा
iii) पढ़ाई

## पाठ्यपुस्तक

### पाठ 1 - लाख की चूड़ियाँ

1. बदलू किस कारण से लाख की चूड़ियों को ही श्रेष्ठ मानता था?
2. मशीनी युग का बदलू के काम पर क्या प्रभाव पड़ा?
3. लेखक ने बदलू के व्यक्तित्व का चित्रण किस प्रकार किया है?
4. इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

### पाठ 2 - बस की यात्रा

1. लेखक को कंपनी के हिस्सेदार पर "श्रद्धा" क्यों आई??
2. बस में सफ़र करते समय लेखक ने किन-किन यात्रियों का वर्णन किया?
3. बस की यात्रा पाठ में लेखक हर पेड़ को क्या समझ रहा था?
4. बस यात्रा से लेखक को क्या अनुभव और सीख मिली?

## पाठ 3 - दीवानों की हस्ती

1. कवि ने 'दीवानों' शब्द का प्रयोग किस संदर्भ में किया है?
2. 'भिखमंगों की दुनिया में, स्वच्छंद लुटाकर प्यार चले' – इस पंक्ति से कवि का क्या आशय है?
3. कविता में 'उल्लास' और 'आँसू' के माध्यम से कवि ने कौन-सा जीवन दर्शन व्यक्त किया है?
4. इस कविता से आपको कौन-सा प्रेरणादायक विचार मिलता है?

## पाठ 4 - भगवान के डाकिए

1. कवि ने पक्षी और बादल को 'भगवान के डाकिए' क्यों कहा है?
2. कवि ने पक्षियों और बादलों की चिट्ठियों का क्या अर्थ बताया है?
3. कविता में प्रकृति और मानव के बीच संबंध को कैसे दर्शाया गया है?
4. कवि के अनुसार भगवान के संदेशवाहक कौन हैं?

## पाठ 5 - क्या निराश हुआ जाए

1. लेखक को किन बातों से निराशा होती है?
2. लेखक ने किन घटनाओं का उल्लेख किया है जो समाज में ईमानदारी और मानवता को दर्शाती हैं?
3. आज की परिस्थितियों में अच्छाई को उजागर करना क्यों आवश्यक है?
4. लेखक ने टिकट बाबू की किस ईमानदारी से चकित होकर उसे धन्यवाद दिया?

## पाठ 6 - यह सबसे कठिन समय नहीं

1. 'यह सबसे कठिन समय नहीं' का क्या अर्थ है?
2. अंतरिक्ष के पार लोग क्यों गए थे?

3. 'यह कठिन समय नहीं है?' यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए।
4. जीवन में कठिन समय आने पर क्या करना चाहिए?

## कबीर की साखियाँ

1. कबीर के अनुसार समाज में किसी को भी कमज़ोर क्यों नहीं समझना चाहिए?
2. मनुष्य के व्यवहार में ही दूसरों को विरोधी बना लेने वाले दोष होते हैं। यह भावार्थ किस दोहे से व्यक्त होता है?
3. मनुष्य को तिनके का भी अपमान क्यों नहीं करना चाहिए? यहाँ तिनका किसका प्रतीक है ? स्पष्ट करें।
4. जग में कोई किसी का बैरी कब नहीं होता?

## रचनात्मक लेखन

**प्रश्न 1.** 'परिश्रम का फल मीठा होता है' विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

**प्रश्न 2.** आपके क्षेत्र में सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। नगर निगम के आयुक्त को पत्र लिखकर इस समस्या के समाधान के लिए निवेदन कीजिए।

**प्रश्न 3.** 'प्रातः काल भ्रमण के लाभ' विषय पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत का संवाद लेखन लगभग 60 - 80 शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न 4.** अपने मित्र को वार्षिक खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर लगभग 60 - 80 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए।

**प्रश्न 5.** 'स्वच्छ भारत' विषय पर लगभग 20 - 30 शब्दों में एक नारा लिखिए।